Govt.of MadhyaPradesh

Office of the Field Director

**Panna Tiger Reserve**

Panna, Madhya Pradesh, (India)

**Phone No.** +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120

**E-mail:** dirpannaNP@mpforest.org **Website:** www.pannatigerreserve.in

मध्य प्रदेश शासन

Panna Tiger Reserve

पन्ना टाईगर रिजर्व

# प्रेस नोट

## विन्ध्या हाथी की मृत्यु

पन्ना टाइगर रिजर्व के हाथी विन्ध्या की दिनांक 09.09.2017 को पीपरटोला में अचानक मृत्यु हो गई है। पीपरटोला कैम्प में तीन हाथियों का कैम्प रखा गया था। तीनों हाथियों से प्रातः गश्ती कराई गई थी। गश्ती उपरान्त तीनों हाथियों को खाना खिला कर छोड़ दिया गया था। लगभग 3.00 बजे दो हाथियों को नदी के किनारे खड़े देखा गया तथा विन्ध्या हाथी के न दिखने पर हाथी महावत ने मौके पर पहुंच कर तलाश की तथा सूचना वरिष्ट स्तर पर दी गई। सूचना प्राप्त होते ही तत्काल सहायक संचालक, परिक्षेत्र अधिकारी एवं अन्य स्टाफ मौके पर पहुंच कर विन्ध्या की सर्चिंग की गई। देर शाम विन्ध्या हाथी का शव केन नदी के पानी में तैरता हुआ दिखा। विन्ध्या हाथी के शव को बाहर निकाला गया तब तक रात्रि हो चुकी थी। दिनांक 10.09.2017 को प्रातः संयुक्त संचालक, सहायक संचालक पन्ना/मड़ला/वन्यप्राणी चिकित्सक, परिक्षेत्र अधिकारी एवं अन्य स्टाफ मौके पर पहुंच कर पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गई। प्राथमिक रूप से विन्ध्या हाथी की मृत्यु का कारण पानी में डूबने से होना पाया गया है। मृत विन्ध्या हाथी का विसरा आदि के नमूने फोरेन्सिक जांच के लिए एकत्रित कर जांच हेतु भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर मृत्यु का सही कारण ज्ञात हो सकेगा। मृत हाथी के शव को पीपरटोला में ही उपरोक्त समस्त अधिकारियों के समक्ष दफनाया गया। विन्ध्या हाथी का जन्म वर्ष 2002 में रूपकली से हुआ था।

''जय हिन्द''

दिनांक – 11.09.2017

क्षेत्र संचालक
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना